Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding four laning of road from Kurukshetra to Haridwar.

श्री नायब सिंह सैनी (कुरुक्षेत्र): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे शून्यकाल में अपने लोक सभा क्षेत्र की एक अति महत्वपूर्ण समस्या को उठाने का मौका दिया है।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र कुरुक्षेत्र, पटियाला से हरिद्वार तक सड़क, जो कि मेरे लोक सभा क्षेत्र चीका, पेहवा, कुरुक्षेत्र, लाडवा, रादौर व यमुनानगर से होते हुए लगभग तीन राज्यों को उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब को जोड़ता है, की ओर दिलाना चाहता हूँ।

अध्यक्ष जी, यह रोड सिंगल है। इस पर ट्रैफिक का भारी दबाव है। उसके साथ ही इस रोड पर लगभग 7 अनाज मंडी, 3 सब्जी मंडी व चीका में एक बड़ी मार्बल मार्किट तथा यमुनानगर में बड़ी लकड़ मंडी और 2 चीनी मिल पड़ती है, जिस कारण से किसानों को भी भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इस रोड की कुल लम्बाई 230 किलोमीटर है। अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सड़क व परिवहन मंत्री जी को यह ध्यान दिलाना चाहता हूँ कि इस सड़क को फोर लेन किया जाए।

इस रोड के ऊपर भारी ट्रैफिक रहता है और उससे किसानों को दिक्कत आती है। इस रोड के फोर लेन होने से इसके ऊपर होने वाली दुर्घटनाओं से भी बचा जा सकेगा। ऐसा होने से किसानों और आम जनता को इसका लाभ मिल सकेगा। धन्यवाद।